हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 13 दिसंबर 2025

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल| नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर| कायथा

04 तड़के 5.30 बजे से शुरू हुई प्रभात फेरी में शामिल...



07 जीजा की डिग्री में कूटरचना कर साला बन गया...



## खबर संक्षेप में

### प्रभारी मंत्री चौहान का दौरा कार्यक्रम आज

**नलखेड़ा।** अनुसूचित जाति कल्याण विभाग मंत्री एवं आगर मालवा जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान आज जिले के प्रवास पर रहेंगे। जारी दौरा कार्यक्रम अनुसार मंत्री चौहान, 13 दिसंबर को सुबह 9 बजे इंदौर से प्रस्थान कर सुबह 11:20 बजे रेस्ट हाउस आगर मालवा आएंगे। दोपहर 1 बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय सभा कक्ष में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक लेंगे, तत्पश्चात पत्रकार वार्ता करेंगे। मंत्री चौहान सायं 4:30 बजे आगर जिले से इंदौर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### 689 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई

**सीहोर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिले की गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान प्रसव पूर्व देखभाल के लिये प्रत्येक माह की 9 एवं 25 तारीख को जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर देखभाल एवं स्वास्थ्य सेवाओं का निशुल्क लाभ प्रदान किया जा रहा है, ताकि गर्भावस्था और प्रसव के दौरान उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। अभियान के तहत 09 दिसंबर को जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर 689 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें 122 गर्भवती महिलाएं हाई रिस्क पाई गईं। सीएमएचओ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना हैं। इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को निशुल्क जाँच, दवाएं, एवं परामर्श दिया जा रहा है। अभियान के तहत उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं विशेष देखभाल की व्यवस्था की जा रही है।

### ब्रिज निर्माण की खामियां गिनाते हुए कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन, कुंभी करणी नाटक कर सिस्टम का उड़ाया मखौल

# 3 की जगह 5 हजार स्क्वायर फीट करें भूमि अधिग्रहण, लोगों को मिले सर्विस रोडः राजीव

नुक्कड़ नाटक से बताई निर्माणाधीन ओवर ब्रिज की गंभीर लापरवाही, कुंभकर्णी नींद में किए गए पुल निर्माण कार्य की ड्राइंग डिजाइन के विरोध में कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास बन रहे ब्रिज में अनियमितताओं, गलत डिजाइन और गंभीर लापरवाही के आरोपों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ब्रिज निर्माण में हुई खामियों को उजागर किया और सर्विस रोड की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया।

#### कांग्रेस के गंभीर आरोप - गलत डिजाइन, बिना सर्वे निर्माण, बार-बार बदली ड्राइंग

राजीव गुजराती ने कहा कि ब्रिज कॉर्पोरेशन ने बिना जमीनी सर्वे किए गलत ड्राइंग तैयार की। निर्माण के दौरान बार-बार डिजाइन बदली गई, लेकिन कारण नहीं बताया गया। निजी भूमि अधिग्रहण न होने का दावा गलत निकला, अब 3000 वर्गफीट भूमि अधिग्रहित की जा रही है।

कांग्रेस ने यह अधिग्रहण 5000 वर्गफीट तक बढ़ाने और स्थायी समाधान के तौर पर सर्विस रोड बनाने की मांग की।

**पीडब्ल्यूडी सेतु विभाग की कार्यवाही पर सवाल :** कांग्रेस ने बताया कि दिसंबर 2023 में ब्रिज निर्माण का कार्य आदेश जारी हुआ। जनवरी 2024 से निर्माण शुरू किया गया, उस समय तक निजी भूमि की जरूरत नहीं थी। सितंबर 2023 की ड्राइंग के मुताबिक ब्रिज हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के मुख्य मार्ग से पहले ही खत्म होना था लेकिन अप्रैल 2024 में अचानक ड्राइंग बदल दी गई।



नए प्रस्ताव में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी का रास्ता बंद करने की बात कही गई। कोई वैकल्पिक मार्ग नहीं दिया गया। मौजूदा निर्माण को तोड़कर ब्रिज को निजी जमीन की ओर मोड़ दिया गया। सितंबर 2025 तक यह ब्रिज निजी भूमि के किनारे अधूरा खड़ा रहने की स्थिति में पहुंच गया।

#### कांग्रेस की मांगः सर्विस रोड निर्माण और तकनीकी खामियों की जांच

जिला कांग्रेस ने ब्रिज निर्माण में तकनीकी गड़बड़ियों, मनमाने डिजाइन बदलावों, निजी भूमि अधिग्रहण में अनियमितता की जांच कराने की मांग की है। साथ ही हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की जनता की सुविधा के लिए सर्विस रोड को तत्काल स्वीकृत करने पर जोर दिया है।

#### निवासियों की परेशानियां : रास्ता बंद, गिरने की घटनाएं, कोई सुनवाई नहीं

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के निवासियों ने विपक्ष और प्रशासन दोनों को बताया कि उनका मुख्य पहुंच मार्ग पूरी तरह बंद हो गया। बारिश में गिरने और फिसलने की घटनाएं हुईं। न कोई वैकल्पिक रास्ता दिया गया, न समस्या का समाधान। कई बार धरना, विरोध और शिकायतें करने के बाद भी अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौन रहे।



## विधिक जागरुकता शिविर का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगर मालवा डीएस चौहान के निर्देशानुसार स्थानीय सिविल अस्पताल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वरिष्ठ न्यायाधीश नलखेड़ा एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति नितिन सोनी ने स्वास्थ्य संबंधी अधिकारों की जानकारी दी। इस अवसर पर सिविल अस्पताल नलखेड़ा के डॉ पवन माहेश्वरी, बीपीएम जितेंद्र जैन ने सिविल अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं और विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। पैरालीगल वालेंटीयर तृप्ति शर्मा ने उमंग स्वास्थ्य केंद्र किशोर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। कार्यक्रम मे सिविल अस्पताल के डॉ कर्मचारी पैरालीगल वालेंटीयर आशाकार्यकर्ता एवं न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वीआईटी ने सरकार को दिया 49 पन्नों का जवाब



**सीहोर।** राज्य सरकार द्वारा जारी शो-कॉज नोटिस के जवाब में वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी प्रशासन ने 49 पन्नों का जवाब भेजकर सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। विश्वविद्यालय ने अपने जवाब में कहा है कि आरोप भ्रमजनक, तथ्यहीन और गलत जानकारी पर आधारित हैं। वहीं छात्र विरोध-प्रदर्शन फर्जी खबरों और सोशल मीडिया की अफवाहों से प्रेरित था, जिसके कारण कैंपस में हिंसा और तोडफ़ोड़ की घटनाएं हुईं।

वीआईटी प्रबंधन ने अपने जवाब में सफाई दी कि 8 बॉयज और 2 गर्ल्स हॉस्टल के लिए भोजन व्यवस्था इंदौर, भोपाल और चेन्नई के प्रतिष्ठित केटरर्स द्वारा की जाती है। भोजन मेन्यू मासिक आधार पर स्टूडेंट फूड कमेटी तय करती है और छात्र फीडबैक पर तुरंत एक्शन लिया जाता है। पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच आईएसओ 10500 मानकों के अनुसार होती है। कैंपस में उन्नत ओजोनाइजर, सैंड फिल्टर्स और वॉटर सॉफ्टनर लगाए गए हैं।

**टेस्टिंग लैब :** प्रबंधन ने घोषणा की है कि जल्द ही कैंपस में फूड और वॉटर टेस्टिंग लैब स्थापित की जाएगी, जिसके परिणाम विश्वविद्यालय पोर्टल पर सार्वजनिक किए जाएंगे।

**पीलिया के मामलों पर स्पष्टीकरण :** यूनिवर्सिटी ने दावा किया कि कुल 17,121 छात्रों में से केवल 35 विद्यार्थियों में ही पीलिया के लक्षण पाए गए। उन्हें तुरंत मेडिकल सहायता दी गई। कैंपस में 8-बेड की मेडिकल सुविधा, 4 डॉक्टर और 6 नर्सें 24 घंटे उपलब्ध रहती हैं। गंभीर मामलों को चिरायु अस्पताल और अन्य मान्यता प्राप्त अस्पतालों में रेफर किया जाता है। छात्रों की मेडिकल रिपोर्ट न दिए जाने के आरोप को तथ्यहीन बताते हुए कहा गया कि यह रिकॉर्ड पहले ही संबंधित समिति को सौंपा जा चुका है।

#### विरोध-प्रदर्शन की वजह फेक न्यूज

वीआईटी प्रशासन ने दावा किया कि विवाद की मुख्य वजह फेक न्यूज और अफफवाहें थीं। 25 नवंबर को सोशल मीडिया पर तीन छात्रों की मौत और 300 के गंभीर हालत जैसी फर्जी खबरें फैलाई गईं। छात्र वॉट्सएप ग्रुप में भड़क़ाऊ संदेश प्रसारित हुए, जिसके बाद कुछ छात्रों ने विरोध-प्रदर्शन किया।

#### परिसर में तोड़फोड़

प्रबंधन ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान एक एम्बुलेंस, एक बस और तीन कारों को जला दिया गया। हॉस्टल व सर्विलांस बिल्डिंग का सीसीटीवी सिस्टम नष्ट किया गया। साथ ही लैब कॉम्प्लेक्स में तोडफ़ोड़ कर कंप्यूटर हार्डवेयर और गेमिंग च्बे को नुकसान पहुंचाया गया। वार्डन और सुरक्षा कर्मियों पर दुव्र्यवहार और शारीरिक हमले भी हुए।

#### प्रबंधन की मांग, नोटिस वापस लिया जाए


यूनिवर्सिटी ने सरकार से अपील की है कि शो-कॉज नोटिस असत्य और अपुष्ट सूचनाओं पर आधारित है, जबकि संस्थान ने सभी मानकों का पालन किया है। वीआईटी भोपाल ने सरकार से नोटिस वापस लिए जाने और सुनवाई का अवसर देकर तथ्यों को स्पष्ट करने की मांग की है। जवाब में संस्थान ने 2017 में स्थापना के बाद से अपनी उपलब्धियां जैसे वैश्विक एमओयू 100 प्रतिशत डॉक्टरेट फैकल्टी और मजबूत प्लेसमेंट रिकॉर्ड का भी उल्लेख किया है।

## सूर्यमुखी बालवीर हनुमान मंदिर पर हुई महाआरती



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

हनुमान अष्टमी पर मां बगलामुखी मंदिर के बाहर स्थित श्री सूर्यमुखी बालवीर हनुमान मंदिर पर हनुमान जी को छप्पन भोग लगाकर महाआरती की गई। संगीतमयी सुंदरकांड का आयोजन भी हुआ। शुक्रवार को हनुमान अष्टमी के अवसर पर सूर्यमुखी हनुमान जी का चोला चढ़ाकर आकर्षक श्रृंगार किया गया था। मंदिर परिसर को पुष्पों से सजाया गया था। दोपहर 12 बजे हनुमान जी को छप्पन भोग लगाकर महाआरती की गई। महाआरती के पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे। महाआरती के पश्चात दोपहर 12.30 बजे से संगीतमयी सुंदरकांड का आयोजन भी किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा धर्म लाभ लिया गया।




#### दास हनुमान मंदिर पर भी हुई महाआरती

मां बगलामुखी मंदिर के अंदर स्थित श्री दास हनुमान मंदिर पर भी हनुमान अष्टमी के अवसर पर हनुमान जी को चोला चढ़ाकर दोपहर 12 बजे ढ़ोल ढमाकों के साथ महाआरती की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

### अट्ठम तप की आराधना आज से होगी प्रारंभ

## भगवान पार्श्वनाथ व चंदा प्रभु जन्म कल्याणक पर होंगे आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ एवं जैन मंदिर के मूलनायक परमात्मा भगवान चंदा प्रभु के जन्म कल्याणक महोत्सव पर जैन समाजजनों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज द्वारा साध्वी मौनांग प्रिया, श्रीजी साध्वी दिव्यांग प्रिया श्रीजी म.सा.आदि ठाणा 6 की निश्रा में 13 से 15 दिसंबर तक पार्श्वनाथ प्रभु के जन्म कल्याणक अवसर पर अट्ठम तप की आराधना होने जा रही है।

14 दिसंबर को पार्श्वनाथ प्रभु के जन्म कल्याणक के अवसर पर परमात्मा चंद्रप्रभु का अभिषेक फिर पार्श्वनाथ भगवान का अभिषेक एवम पूजन आदि के साथ आरती व अष्टप्रकारी पूजन लाभार्थी परिवार द्वारा की जाएगी। गुदरावन मार्ग पर स्थित श्री पार्श्व कुशल जैन मंदिर दादाबाड़ी में भी भगवान पार्श्वनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। 16 दिसंबर को जैन मंदिर के मूलनायक परमात्मा चंदा प्रभुजी का जन्म कल्याणक मनाया जाएगा। प्रातः काल परमात्मा का अभिषेक एवं पूजन आदि के साथ आरती व पूजन लाभार्थी परिवार द्वारा की जाएगी। समाजजनों द्वारा प्रातः 9 बजे नगर में परमात्मा की रथ यात्रा निकाली जावेगी। तत्पश्चात जैन धर्मशाला में स्वामी वात्सल्य का कार्यक्रम होगा। दोपहर 2 बजे मंदिरजी में चंदा प्रभु पंचकल्याणक पूजन का कार्यक्रम रखा गया है। सायंकाल 7 बजे जिन मंदिरजी में महाआरती का कार्यक्रम होगा।

#### लालूखेड़ी में भी मनाया जाएगा जन्म कल्याणक कार्यक्रम

नगर के समीप श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ तारक तीर्थ धाम पर परमात्मा पार्श्वनाथ का जन्म कल्याणक कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। रविवार को प्रातः 9.30 बजे से मंदिरजी में श्री पार्श्वनाथ पंचकल्याणक पूजन, तत्पश्चात स्वामीवात्सल्य का कार्यक्रम श्रीमती कमला देवी सागरमल तातेड़ परिवार की ओर से रखा गया है। पूजन हेमप्रभा महिला मंडल द्वारा पढ़ाई जाएगी। इस अवसर पर मंदिर समिति की ओर से लाभार्थी परिवार का बहुमान भी किया जाएगा।

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

**सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशितकिया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ी पश्चिम बंगाल रवाना

**देवास।** जिला सॉफ्टबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज राजानी ने बताया कि पश्चिम बंगाल सॉफ्टबॉल एसोसिएशन द्वारा दत्तापुलिया में आयोजित 47 वीं सीनियर नेशनल सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप के लिए मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व देवास से रागिनी चौहान एवं मानसी राठौर करेंगी। यह दोनों खिलाड़ी पिछले 10 दिनों से इंदौर में मध्य प्रदेश सॉफ्टबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के बाद शुक्रवार को दत्तापुलिया के लिए रवाना हुई है। इनकी इस उपलब्धि पर अनिल श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, प्रेमनाथ तिवारी, शिवनारायण टांडी, योगेश द्विवेदी, मनीष सोलंकी, चंद्रपाल सिंह सोलंकी, निरंजन यादव, पवन यादव, पावन पाटिल, अरुण कुशवंशी आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित की।


### नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

**देवास।** शनिवार को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में नगर निगम द्वारा संपत्तिकर व जलकर के बकाया करदाताओं को अपने करों को जमा कराने पर सरचार्ज मे नियमानुसार छूट प्रदान की जाएगी। नेशनल लोक अदालत के दिवस करदाताओं को अपने बकाया करों को जमा कराए जाने की सुविधाओं हेतु निगम कार्यालय सहित निगम के झोन कार्यालय जवाहर चौक तथा उज्जैन रोड बस स्टेण्ड व न्यायालय परिसर मे शिविर आयोजित किए जाएंगे। आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश पर नगर निगम कार्यालय मे विशेष काउंटर लगाये गये हैं। इन काउंटरों पर तैनात सहायक राजस्व निरीक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा कर भरने की सुविधा के साथ करों की जानकारी भी दी जावेगी। निगम कार्यालय मे लोक अदालत के दिवस नागरिकों को बैठने व पीने के पानी का सुविधा रहेगी। निगम मे नेशनल लोक अदालत के दिवस करों को जमा कराने का समय सुबह 9 बजे से कार्य समप्ति तक तथा न्यायालय परिसर मे प्रातरू 10 बजे से सांय 5.30 बजे तक रहेगा। नागरिकों से अपील है आयोजित हो रही नेशनल लोक अदालत मे अपने भवन भूमि के संपत्तिकर व जलकर की बकाया राशि जमा कर सरचार्ज मे नियमानुसार दी जा रही।

### हनुमान अष्टमी पर श्री खेड़ापति सरकार निकले नगर भ्रमण पर, उत्साह के साथ भक्त हुए शामिल

# तड़के 5.30 बजे से शुरू हुई प्रभात फेरी में शामिल महिला भजनों पर थिरकी, जगह-जगह हुआ स्वागत





हनुमान अष्टमी के अवसर पर शुक्रवार प्रात: शहर भक्ति में डूबा नजर आया। भौरासा में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हनुमान अष्टमी महापर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास/भौरासा


हनुमान अष्टमी के अवसर पर शुक्रवार प्रातः शहर भक्ति में डूबा नजर आया। तडक़े 5.30 बजे एमजी रोड स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर से पारंपरिक प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

जैसे ही रथ में सवार भगवान खेड़ापति नगर भ्रमण पर निकले, पूरा मार्ग जयकारों और भजनों से गूंज उठा। भक्तों ने भक्ति संगीत पर नाचते-गाते पूरे शहर में दिव्य वातावरण बना दिया। जगह-जगह आतिशबाजी की गई और लोगों ने भगवान के दर्शन के लिए सडक़ किनारे कतारें लगाईं। प्रभात फेरी एमजी रोड से होते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी और बाद में मंदिर परिसर में लौटकर समाप्त हुई। भक्तों ने जगह जगह स्टॉल लगाकर गर्म दूध, पोहे जलेबी, लड्डू, सेवफल, हलवा, कचोरी, आलू बड़े का प्रसाद बांटा।

यह आयोजन खेड़ापति रामायण मंडल कई वर्षों से करता आ रहा है, और इस बार भी शहर भर से आए भक्तों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। इस बार महिलाओं और बच्चों ने भी बड़ी संख्या में प्रभात फेरी में नजर आए। हनुमान अष्टमी पर खेड़ापति मंदिर को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया है, जिससे मंदिर का वातावरण रात में और भी मनमोहक नजर आएगा। दिनभर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें भक्तों की भारी भीड़ उमडी। इस वर्ष भगवान का विशेष, अलौकिक श्रृंगार किया गया है। खास बात यह है कि बाबा को 21,000 लड्डुओं का भव्य महाभोग लगाया गया। शाम 8.30 बजे आयोजित होने वाली महाआरती में भी भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचे।



### भौंरासा में गूंजा तुमरक्षक काहू को डरना



**भौरासा।** नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हनुमान अष्टमी महापर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। बड़े हनुमान चौक में स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर पर पुष्पमालाओं से विशेष साज सज्जा की गई। वही विशेष विद्युत सज्जा, विशेष श्रृंगार, भव्य आरती सहित सुंदरकांड सहित विशेष प्रसादी का वितरण किया गया। वही गड़ी मंदिर पर स्थित बाबा श्री खेड़ापति का विशेष श्रंगार कर प्रसाद वितरण किया गया। छोटे हनुमान चौक में श्री पंचमुखी हनुमान का भी विशेष शृंगार कर भव्य आरती की गई। इसी तरह भौंरासा फाटा स्थित मंदिर में बाबा श्री बालाजी महाराज का भी आकर्षक श्रंगार किया गया। साथ ही पंडक पाल रोड़ पर स्थित श्री खेड़ापति सरकार का आकर्षक श्रृंगार किया गया। समीप स्थित भलाई में श्री सूर्यमुखी इच्छा पूर्ण भलाई धाम श्री हनुमान मंदिर पर भी बाबा का आकर्षक श्रंगार किया गया।

### खेड़ापति सरकार को लगाया छप्पन भोग



**देवास।** हनुमान अष्टमी पर विशेष पूजन पाठ के साथ आध्यात्मिक आयोजन की अनूठी परंपरा देवास के मुक्ति धाम रोड़ पर स्थित श्री रामकृष्ण व्यायामशाला के आध्यात्मिक परिसर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी निभाएं गई। हनुमान अष्टमी पर खेड़ापति सरकार को छप्पन भोग लगाकर फलाहारी खिचड़ी का वितरण किया गया। आध्यात्मिक परिसर के संयोजक मदनलाल कहार ने बताया कि त्रेता युग में हनुमान जी ने पाताल लोक के अहिरावण का वध करके भगवान श्रीराम और लक्ष्मण जी को मुक्त कराया था। इसलिए यह दिन विजय दिवस के रूप में युगो युगों से मनाया जा रहा है। इस वर्ष भी प्रातः 5 बजे हनुमानजी का भव्य श्रृंगार काम्या सिंदूर से रक्षित सोनी द्वारा किया गया। प्रातः 8 बजे सर्व कार्य सिद्धि हेतु यज्ञाचार्य रक्षित सोनी के आचार्यत्व में पंचमुखी हनुमान महायज्ञ किया गया। प्रातः 11 बजे छप्पन भोग लगाया गया। प्रातः 11.15 बजे सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया। प्रात 11.30 बजे महाआरती सम्पन्न हुई। इसके पश्चात खिचड़ी का भंडारा प्रारंभ हुआ।

# उज्जैन रोड चौड़ीकरण का सर्वे शुरू, 40 मीटर चौड़े रोड के लिए बाधक बन रहे भवन चिन्हित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



उज्जैन रोड से नागूखेड़ी तक सडक़ चौड़ीकरण के लिए सर्वे शुरू हो गया है। राजस्व विभाग ने मार्ग पर सीमांकन का कार्य प्रारंभ कर दिया है। विभाग द्वारा मार्ग में बाधक बनने वाले भवनों को भी चिह्नित किया जा रहा है। शुक्रवार को राजस्व अमला मौके पर पहुंचा और उज्जैन चौराहा से ईटावा तक शासकीय रोड का सीमांकन किया गया। उज्जैन चौराहा से नागूखेड़ी तक यह लगभग 4 किलोमीटर लंबा मार्ग 40 मीटर चौड़ाई में प्रस्तावित है।

हालांकि, मौके पर राजस्व विभाग को सीमांकन में फिलहाल 30 से 32 मीटर जगह ही उपलब्ध मिली है। शेष आवश्यक भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। इस 4 किलोमीटर लंबे मार्ग के बनने से वाहन चालकों को काफी राहत मिलेगी। साथ ही, उज्जैन रोड पर शहरी सीमा में लगने वाले जाम से भी लोगों को निजात मिलेगी। राजस्व निरीक्षक लखन सिंह पूर्विया ने बताया कि देवास से उज्जैन चौराहा बायपास मार्ग तक उज्जैन रोड के चौड़ीकरण का कार्य शुरू हुआ है। चौड़ीकरण से पहले शासकीय रोड का सर्वे करके निशान लगाए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि 40 मीटर चौड़े रोड की आवश्यकता है, लेकिन मौके पर 30 से 32 मीटर ही जगह उपलब्ध है। आवश्यकतानुसार जितनी जमीन लगेगी, उसका अधिग्रहण किया जाएगा। सडक़ का निर्माण सेंटर से दोनों ओर 20-20 मीटर की चौड़ाई में होगा। सर्वे रिपोर्ट के बाद संबंधित व्यक्तियों को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस दिए जाएंगे और निजी जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया नियमानुसार पूरी की जाएगी।

# 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के प्रारंभिक मैचों में खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



69 वीं राष्ट्रीय सॉफ्ट टेनिस शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के प्रारंभिक मैच शुरू हुए। प्रतियोगिता संयोजक सुदेश सांगते ने बताया कि जिलाधीश ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में दिनांक 11 दिसंबर से 14 दिसंबर तक यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता संपन्न होगी।शुक्रवार के प्रारंभिक मैचों में अंडर 14 बालक वर्ग में सीबीएसई ने महाराष्ट्र को तीन एक से , पंजाब में बिहार को तीन शून्य से, गुजरात ने जम्मू कश्मीर को तीन एक से, मध्य प्रदेश ने तमिलनाडु को तीन एक से, पराजित किया। वही अंडर 14 बालिका वर्ग में पंजाब ने गुजरात को तीन शून्य से, मध्य प्रदेश ने छत्तीसगढ़ को तीन एक से, तमिलनाडु ने बिहार को तीन शून्य से, तथा सीबीएसई ने आंध्र प्रदेशको तीन एक से पराजित किया। अंडर 17 बालक वर्ग में मध्य प्रदेश ने दिल्ली को तीन शून्य से, गुजरात ने पंजाब को तीन एक से, महाराष्ट्र में सीबीएसई को तीन शून्य से, तथा छत्तीसगढ़ ने तमिलनाडु को तीन एक से पराजित किया। अंडर 17 बालिका वर्ग में तमिलनाडु ने महाराष्ट्र को तीन एक से, सीबीएसई ने आंध्र प्रदेश को तीन एक से, पंजाब ने मध्य प्रदेश को तीन शून्य से, गुजरात में छत्तीसगढ़ को तीन एक से पराजित किया। अंडर-19 बालक वर्ग में मध्य प्रदेश ने तमिलनाडु को तीन शून्य से, महाराष्ट्र ने बिहार को तीनएक से, पंजाब ने गुजरात को तीन शून्य से, तथा सीबीएसई ने दिल्ली को तीन शून्य से पराजित किया। मैच संपन्न करवाने में गौरव कदम,प्रीति पवार,अभिषेक परिहार,मिथुन तिवारी, रमेश सिंह, प्रिंस कुमार,अमरेश, ऑफिशियल्स का योगदान रहा। इस प्रतियोगिता में 16 राज्यों की टीम के 500 खिलाड़ी एवं ऑफिशियल शामिल हो रहे है। प्रतियोगिता के मैच स्पोर्ट्स पार्क टाटा चौराहा, पुलिस लाइन एवं पायोनियर पब्लिक स्कूल में खेले जा रहे हैं।

### अमलतास विवि. में आयोजित हुई नेशनल कॉन्फ्रेंस, देश विदेश के डॉ. हुए शामिल

# कैबिनेट मंत्री ने किया इमरजेंसी आईसीयू का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




डिपार्टमेंट ऑफ एलाइड एंड रीहैबिलिटेशन साइंसेज़, अमलतास यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित एनसीएमएसएपी 2025 सेकेण्ड मिड टर्म नेशनल कॉन्फ़्रेंस ऑफ सोसायटी फॉर एडिक्शन साइकोलॉजी का शुभारम्भ शुक्रवार को हुआ।

शुभारम्भ में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट, प्रोफ़ेसर एम्स दिल्ली, डॉ. प्रभु दयाल, डॉ. जी.एस. कलोइया, डॉ. नवीन ग्लोवर, डॉ, सिद्धार्थ सरकार, डॉ. रणजीत पिल्लाई, डॉ. विजया सकपाल, डॉ. धीरेन्द्र मिश्रा, डॉ. एसए बासिर, डॉ. सचिन जैन, डॉ. एम.एस. विंसी डॉ. स्वेता भोस्कर डॉ. अमृता पेन सहित देश-विदेश के विशेषज्ञों ने भाग लिया। आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में विशेषज्ञ द्वारा मुख्य विषय एडिक्शन के कॉग्निटिव, क्लीनिकल एवं साइको-न्यूरोलॉजिकल पहलू रखा गया है। चेयरमैन मयंकराज सिंह भदौरिया द्वारा मुख्य अतिथि का हार्दिक अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मंत्री सिलावट ने कहा कि अमलतास विश्वविध्यालय द्वारा आयोजित यह नेशनल कांफ्रेंस नशे और व्यसन से संबंधित समस्याओं को समझने उनका समाधान खोजने की दिशा में सहयोगात्मक तथा बहु-विषयक दृष्टिकोण को बढ़ावा देगा। में देश विदेश से आए सभी विशेषज्ञों का हार्दिक अभिनंदन करता हूँ, जो आज का गंभीर विषय है। युवाओं को नशे से मुक्ति दिलाना। इस पवित्र काम के लिए अमलतास ने अच्छा काम किया है नशे की बीमारी से पूरा समाज, परिवार बर्बाद हो रहा है। मंत्री द्वारा हाईटेक एमरजेंसी आईसीयू का शुभारम्भ किया गया।

डॉ. प्रभुदयाल ने कहा कि आज युवाओं में नशे की समस्या पारंपरिक मादक पदार्थों तक सीमित नहीं है, बल्कि गेमिंग, सोशल मीडिया, ऑनलाइन जुआ जैसे व्यवहारिक एडिक्शन भी गंभीर चुनौतियाँ बन चुके हैं। यह स्थिति न केवल युवाओं को बल्कि परिवारों, समाज और समुदायों को प्रभावित कर रही है। इस राष्ट्रीय सम्मेलन अमलतास विश्वविध्यालय के कुलगुरु डॉ. शरदचन्द्र वानखेड़े , डीन डॉ. ए.के. पिठवा, डॉ. प्रशांत, डॉ. समीर देसाई , डॉ. आशुतोष भटेले एवं चेयरमैन के नेतृत्व में इस कांफ्रेंस का आयोजन में डॉ. अभय गुप्ता ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. भारती लाहोरिया, ऑर्गनाइजिंग सेकेट्री डॉ. संगीता तिवारी एवं सभी कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे। अमलतास विश्वविद्यालय के चेयरमैन मयंक राज सिंह भदौरिया ने बताया की आज अंतराष्ट्रीय कांफ्रेस में देश-विदेश से पधारे सभी विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और नीति-निर्माताओं का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।

# चाट चौपाटी की दुकानों पर जांच दल ने की कार्रवाई, बनाए चालान



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

एबी रोड स्थित वनमंडल, कैलादेवी चौराहे पर संचालित चाट चौपाटी की दुकानों की जांच अतिरिक्त तहसीलदार कपिल गुर्जर, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेन्द्र ठाकुर, स्वास्थ्य अधिकारी हरेन्द्र सिंह ठाकुर, खाद्य सुरक्षा अधिकारी कैलाश वास्केल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी हिमाली सोनपाटकी द्वारा की गई। जांच कार्यवाही में कुल 26 ठेलों एवं दुकानों की जांच करते हुए अनियमितता पाए जाने पर जैन श्री के फेमस मूंग भजिये, न्यू सौरभ कलकत्ता एग रोल प्वाईंट, शालीमार फॉस्ट फूड, भैरूनाथ स्वीट्स एण्ड नमकीन, हटके वादा पराठा पाईंट एवं जलेबी की दुकान सहित अन्य दुकानों पर कार्यवाही करते हुए कुल 05 हजार रूपये का अर्थदण्ड कर वसूली की गई एवं खराब तेल एवं सामग्री मौके पर नष्ट करने की कार्यवाही की गई। खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र ठाकुर ने बताया कि पूर्व में लिए गए नमूनों पर कार्यवाही करते हुए 18 प्रकरणों में आदेश पारित करते हुए जुर्माना वसूला।

## खबर संक्षेप



### किसानों की समस्याओं पर दिया ज्ञापन

**ललितपुर।** भाकियू भानु जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने किसानों की विभिन्न समस्याएं को लेकर यशराज सिंह उप कृषि प्रसार अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि जनपद में खरीफ की फसल का बीमा शासन से स्वीकृत है, जिनमें कुछ गांव में बीमा की राशि किसान क्रेडिट कार्ड में पहुंच गई है। लेकिन ग्राम तेरा के किसानों की बीमा राशि अभी तक नहीं पहुंची है, जो अति शीघ्र दिलाई जाए। पिछले वर्ष भी कुछ चुनिंदा लोगों को बीमा राशि दी गई थी जिसकी जांच कराकर सभी किसानों को बीमा राशि दिलाई जाए। खरीफ की फसल के लिए शत-प्रतिशत अनुदान पर मक्का का बीज दिया गया था। लेकिन अभी तक उक्त मक्का की अनुदान राशि खातों में नहीं भेजी गई थी इसलिए अनुदान राशि भिजवाई जाए ललितपुर में यूरिया बहुत महंगे दामों पर बेची जा रही हैं।

### जांच के बाद कूटरचित पाए गए दस्तावेज, एफआईआर दर्ज

# जीजा की डिग्री में कूटरचना कर साला बन गया कार्डियोलॉजिस्ट, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडीकल कॉलेज) में फर्जी दस्तावेज बनाकर महत्वपूर्ण हृदयरोग व कैंसर जैसे विभागों में सेवाएं दे रहे चिकित्सक के खिलाफ डिप्टी सीएमओ ने एफआईआर दर्ज करायी है।

प्रकरण की जांच के लिए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के आदेश पर तीन सदस्यीय जांच कमेटी मेडीकल कॉलेज प्रधानाचार्य के नेतृत्व में जांच की गयी, जिसमें संविदा नौकरी के लिए आरोपित द्वारा दिये गये दस्तावेजों का मिलान किया गया, जो कि कथित तौर पर कूटरचित पाये गये। इस प्रकरण में डिप्टी सीएमओ डा.आर.एन.सोनी ने कोतवाली पुलिस को अवगत कराया कि यू.एस.ए. के टेक्सास 76513 बेलटन में रहने वाली डा.सोनाली सिंह ने मेडीकल कॉलेज के प्रधानाचार्य को अवगत कराया कि उनके भाई इंजीनियर अभिनव सिंह द्वारा उनके पति डा.राजीव कुमार गुप्ता की पहचान एवं उनकी एमबीबीएस व एमडी की डिग्री चुराकर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडीकल कॉलेज) में नौकरी कर रहे हैं। मामला प्रकाश में आते ही अधिकारियों के भी होश फाख्ता हो गये।

#### अभिनव सिंह द्वारा कई दस्तावेजों की कूटरचना की गई

मामले को गंभीरता से संज्ञान लेते हुये जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जांच के लिए समिति गठित की। जांच के दौरान पाया गया कि अभिनव सिंह ने अपने जीजा डा.राजीव गुप्ता की एमबीबीएस एवं एमडी की डिग्री को कूटरचना कर अपने भौतिक व आर्थिक लाभ के लिए प्रयोग में लायी गयी और मेडीकल कॉलेज में कूटरचित एम.बी.बी.एस. व एम.डी. की डिग्री, आधार कार्ड लगाकर संविदा पर सीसीयू एण्ड कैंसर केयर यूनिट में विशेषज्ञ (कॉर्डियोलॉजिस्ट एण्ड जनरल मेडिसिन) पद पर नौकरी प्राप्त कर अनैतिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं। उक्त अभिनव सिंह द्वारा कई दस्तावेजों की कूटरचना की गयी है। इसके द्वारा हृदय रोग जैसे विशेषज्ञ कार्य को कोई डिग्री न होने व अनुभवहीन होने के बावजूद कई मरीजों के जीवन के साथ जानबूझकर खिलबाड़ किया गया है। इनके द्वारा डा.राजीव गुप्ता का क्षदम प्रतिरूपण किया गया। उप सीएमओ डा.आर.एन.सोनी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अभिनव सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

#### पुलिस ने दस्तावेज किए जब्त

एसपी मो.मुश्ताक ने बताया कि अमेरिका में रहने वाले अपने बहनोई की एमबीबीएस व एमडी की डिग्रियों के कूटरचित दस्तावेज तैयार कर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय मेडीकल कॉलेज में कॉर्डियोलॉजिस्ट एवं जनरल मेडीसन विभाग में डाक्टर बनकर भौतिक व आर्थिक लाभ प्राप्त कर रहे अभिनव सिंह को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अभिनव सिंह के पास से डीएमसी सर्टिफिकेट 1 वर्क, म.प्र.आयुर्विज्ञान परिषद से सम्बन्धित प्रपत्र 1 वर्क, आधार कार्ड राजीव गुप्ता छायाप्रति 1 वर्क, ई-आधार की छायाप्रति 1 वर्क, निर्वाचन प्रमाण पत्र की छायाप्रति-01 वर्क, वेस्ट बंगाल मेडीकल काउसिंल की छाया प्रति 2 वर्क, प्रैक्टिस से सम्बन्धित प्रपत्र की छायाप्रति 1 वर्क आदि बरामद किया गया है।

### साप्ताहिक परेड का निरीक्षण

## एसपी ने ड्रेस कोड, तालमेल की गुणवत्ता का अवलोकन किया



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। एसपी ने परेड की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड तथा तालमेल की गुणवत्ता का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। तत्पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन्स में स्थित विभिन्न शाखाओं में शस्त्रागार, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, कन्ट्रोल रुम, वर्दी स्टोर आदि का स्थलीय निरीक्षण कर साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव एवं संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की गई। डायल-112 के पीआरवी वाहनों निरीक्षण कर साफ-सफाई, संचार उपकरणों वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल की कार्यशीलता एवं अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। पीआरवी स्टाफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित एवं सेवा भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। त्वरित रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। एसपी ने अर्दली रूम का आयोजन किया गया, जिसमें रिजर्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों अवलोकन किया गया तथा विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाहियों, शिकायतों तथा लम्बित पत्रावलियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित शाखा प्रभारियों को निर्देशित किया। परेड में शामिल पुलिस कर्मचारियों से उनकी समस्याओं को सुनकर, सम्बन्धित को अविलम्ब निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान सीओ मड़ावरा कृष्ण कुमार मिश्रा व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### धीरगढ़ पंचायतः लोकायुक्त पुलिस ने की कार्रवाई

# घोटाले में क्लीन चिट देने 30 हजार की रिश्वत लेते सब इंजी. रामगोपाल रंगे हाथ गिरफ्तार



रामगोपाल यादव आरोपी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

गंजबासौदा की ग्रीन सिटी हथौड़ा में गुरुवार को जनपद पंचायत लटेरी के उपयंत्री रामगोपाल यादव को लोकायुक्त ने 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। उपयंत्री को लटेरी तहसील के धीरगढ़ ग्राम पंचायत में हुए घोटाले की जांच की जिम्मेदारी मिली थी।

इस घोटाले में क्लीन चिट देने के नाम पर उपयंत्री ने 30 हजार की रिश्वत की मांग की थी। गुरुवार को जैसे ही आवेदन कन्हैयालाल शर्मा ने उपयंत्री को पैसे दिए लोकायुक्त की टीम ने उपयंत्री को को दबोच लिया। लोकायुक्त पुलिस ने जब उपयंत्री हाथ धुलवाए तो हाथ लाल हो गए। आरोपी ने रिश्वत की रकम अपने गंजबासौदा स्थित घर पर मंगाई थी। यह रकम उसने सड़क निर्माण के मूल्यांकन के लिए मांगी थी। एसपी दुर्गेश राठौर के मुताबिक जनपद पंचायत लटेरी अंतर्गत धीरगढ़ पंचायत के सचिव कन्हैया लाल शर्मा निलंबित चल रहे हैं। निलंबित सचिव कन्हैया लाल और सरपंच लाखन सिंह लोधी जांच दल से इतने तंग आ चुके थे कि उन्होंने लोकायुक्त को शिकायत करना उचित समझा। सब इंजीनियर रामगोपाल यादव ने क्लीन चिट देने के नाम पर 40 हजार रुपए की मांग रखी थी। इन दोनों ने 30 हजार रुपए की पहली किस्त देना तय किया ओर लोकायुक्त की टीम को बुला लिया। इस जांच के लिए लटेरी एसडीएम द्वारा जांच दल का गठन किया गया था।

### लापरवाह पर्यवेक्षकों को नोटिस देने के निर्देश

**विदिशा।** गुरुवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। कम प्रगति वाले पर्यवेक्षकों को नोटिस देने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान आशा–आंगनबाड़ी की उपस्थिति, भवनों में सुविधा, बच्चों की उपस्थिति, गर्भवती महिलाओं की निगरानी और बाल विवाह रोकने पर जोर दिया।

### वात्सल्य में गुरु तेग बहादुर के दिवस पर श्रद्धांजलि दी गई

**विदिशा।** वात्सल्य स्कूल में भारत सरकार के तत्वावधान तथा गुरुद्वारा कमेटी सिख समाज के सहयोग से "हिंद दी चादर" गुरु तेगबहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का नेतृत्व गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र चावला ने किया। इस अवसर पर जिला कोऑर्डिनेटर निर्मल कौर, सचिव सचिन अरोरा, मीडिया प्रभारी शिल्पा अरोरा, उद्बोधन प्रमुख सरदार बलजीत सिंह गिल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को गुरु जी के अद्वितीय साहस, बलिदान और मानवता की रक्षा हेतु किए गए संघर्ष की प्रेरणादायक गाथा से अवगत कराया। विद्यालय संचालिका देवना अरोरा, नम्रता अरोरा और प्राचार्य संजय शर्मा ने गुरुद्वारा कमेटी व अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।

### एसआईआर फार्म भरने के अंतिम दिन वार्ड 28 में विधायक ने किया भ्रमण

**विदिशा।** एसआईआर मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान के अंतिम दिन गुरुवार को विधायक मुकेश टंडन ने वार्ड 28 में घर-घर पहुंचकर मतदाताओं को फार्म जमा करने के प्रति जागरूक किया।

### धर्मसभा और भागवत ध्वज वाहन यात्रा 14 को

**विदिशा।** 14 दिसंबर रविवार दोपहर 12 बजे माधवगंज से विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा त्रिशूल दीक्षा एवं भगवा वाहन रैली निकाली जाएगी। जिसमें सानिध्य श्रीश्री 1008 महंत रामनारायण दास महाराज एवं कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद क्षेत्रीय संगठन मंत्री मप्र-छत्तीसगढ़ जितेंद्र पवार का बौद्धिक होगा। इसके बाद भगवा रैली शुरू होगी।

### महिला पत्रकार ने लगाया पथराव करने व धमकाने का आरोप

# स्टेट बैंक के पीछे अतिक्रमण पर दो पक्ष आए आमने सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



अतिक्रमण के खिलाफ आवाज उठाना महिला पत्रकार को उस समय भारी पड़ गया, जब अतिक्रमण हटाने आयी नगर पालिका की टीम के जाते ही पड़ौसियों ने पत्थरबाजी करते हुये गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। इस प्रकार के आरोप लगाते हुये महिला पत्रकार संजना सिंह घण्टाघर चौराहा पर अपने दो बच्चों के साथ धरने पर बैठ गयीं। उन्होंने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

प्रदर्शन करते हुये संजना सिंह ने बताया कि आजादपुरा मोहल्ले में स्टेट बैंक के पीछे मोहल्ले के कुछ लोगों द्वारा सरकारी सड़क व सार्वजनिक नालियों पर चबूतरा इत्यादि बनाकर गली को जाम कर दिया था, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानियां उठानी पड़ रहीं थीं। इस प्रकरण को लेकर उन्होंने आवाज उठायी और लिखित रूप से प्रशासन व नगर पालिका को अवगत कराया। गुरूवार को नपा की अतिक्रमण हटाओ टीम अपने साथ मशीनें लेकर मौके पर पहुंच गयीं, जहां टीम ने नालियों को अतिक्रमण मुक्त कराया और सार्वजनिक रास्ते से भी अतिक्रमण हटाया। आरोप है कि जैसे ही पूरी टीम अतिक्रमण हटाकर वापस निकली तो पड़ौसियों ने उसके घर के बाहर एकत्र होकर गालियां दीं और उसके घर पर पथराव भी किया। महिला पत्रकार ने बताया कि उसके घर लगे सीसीटीवी कैमरों को भी नुकसान पहुंचाया गया है। महिला पत्रकार ने जानमाल का खतरा बताते हुये जिला प्रशासन व पुलिस से मामले की जांच करायी जाकर उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना किये जाने की गुहार लगायी है।

#### दूसरे पक्ष से मोहल्ले की महिलाएं भी धरने पर बैठी

इधर दूसरे पक्ष की ओर से मोहल्ले की महिलाएं भी घण्टाघर पर धरने पर बैठ गयीं। महिलाओं ने एसपी के नाम पत्र भेजते हुये बताया कि मोहल्ले में रहने वाली महिला के मकान रजिस्ट्री के बैनामे से 15 फीट अधिक नगर पालिका की जमीन पर भवन निर्माण किया गया है। इस कब्जे को हटाये जाने की मांग महिलाओं ने उठायी। आगे बताया कि विगत दिवस ईओ नगर पालिका को पत्र देकर उन्होंने अवैध कब्जे को हटवाने की मांग उठायी थी। नगर पालिका की टीम ने मोहल्लेवासियों के चबूतरे व सीढ़ी तो तोड़ दी, लेकिन अवैध कब्जे को नहीं हटाया। महिलाओं ने जिला व पुलिस प्रशासन से मामले की जांच कराये जाने की मांग उठायी है। प्रदर्शन करते समय रामकुंवर, विन्द्रावन सिंह, राजकुमारी, राधा, द्रोपती, सुनीता, सोनू, रजनी, सीमा, रंजना, अखिलेश, पूजा, प्रियंका, रामकुमारी आदि मौजूद थीं।

### मजदूरी से लौट रहे युवक को बोलेरो सवारों ने पीटा

**ललितपुर।** जाखलौन थानान्तर्गत ग्राम जीरोंन निवासी गोदन अहिरवार पुत्र हरजू ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 8 दिसम्बर को शाम करीब साढ़े चार बजे वह गांव में रोड के पास खड़ा था। वह मजदूरी करके बरखेरा से घर लौट रहा था। इसी बीच सामने से बुलैरो संख्या यू.पी.94 ए.एल. 3339 आकर रूकी और उसे रोकते हुये कार सवार ने गालियां दीं। जब उसने विरोध किया तो उसे लात-घूसों से मारपीट कर दी। पीड़ित ने बताया कि जीरोंन निवासी निर्मल कुमार पुत्र खुशीलाल अहिरवार, शहर के नेहरू नगर निवासी नीरज पुत्र गनपत अहिरवार व अखिलेश पुत्र दयाराम अहिरवार सवार थे, जिन्होंने उसे जान से मारने की भी धमकी दी। यह भी आरोप लगाया कि उक्त मारपीट की घटना गांव के प्रकाश पुत्र गज्जूराम अहिरवार द्वारा करायी गयी है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# जमीन बेचने के नाम से 7 लाख हड़पने का आरोप डायल 112 में तैनात होमगार्ड, पुत्र, दामाद व पुत्री पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

पुलिस महकमे के डायल 112 में तैनात होमगार्ड पर जमीन बेचने का झांसा देकर महिला से आरटीजीएस और चैक के जरिए लिये गये सात लाख रुपये हड़प लेने और गुमराह करते हुये गालियां देने, धमकाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। इस प्रकरण में महिला ने होमगार्ड, उसके पुत्र, पुत्री व दामाद के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है। शहर क्षेत्र के मोहल्ला नेहरू नगर निवासी शिवानी कौशिक पत्नी अवधेश कौशिक ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया कि ललितपुर में डायल 112 में तैनात होमगार्ड रामसहाय रिछारिया पुत्र स्व.धरनीधर रिछारिया, उसके पुत्र दुर्गेश रिछारिया को उसने 7 लाख रुपये आरटीजीएस व चैक के माध्यम से दिये हैं। आरोप है कि थाना बार के ग्राम कठवर में दो एकड़ जमीन उसे बेचने की बात कहते हुये रजिस्ट्री करने का कहकर उसने होमगार्ड के एक्सिस बैंक के खाते में सात लाख रुपये दिये हैं। बताया कि रुपये लेने के बाद होमगार्ड उसे विश्वास व भरोसे में रखकर घुमाता रहा, जब उसने बार-बार कहा तो 29 सितम्बर को रजिस्ट्री करने की बात कही गयी। जब उसने बोला तो होमगार्ड ने रिश्तेदारी में मृत्यु होने की बात कहते हुये बात टालते हुये बाद में रजिस्ट्री करने की बात कही।

8 अक्टूबर को जब उसने होमगार्ड रामसहाय रिछारिया को व उसके पुत्र दुर्गेश को फोन किया तो उन्होंने फोन बंद कर कहीं भाग गये और ड्यूटी भी नहीं आ रहा है। महिला जानकारी करते हुये जब ललितपुर में बाबू जगजीवन छात्रावास रिशाला मंदिर के पीछे वर्णी कॉलेज के पास पहुंची तो पता चला कि शालिक राम व प्रदीप पुरोहित के मकान में रामसहाय रिछारिया, उसके पुत्र दुर्गेश, पुत्री सपना व दामाद विक्कू शुक्ला किराये से रहते हैं। जब महिला उनके कमरे पर पहुंची तो वहां पुत्र दुर्गेश रिछारिया व दामाद विक्कू शुक्ला मिले और उन्होंने रुपये की बात कही तो आरोप है कि उक्त लोगों ने बत्तमीजी करते हुये उसे गंदी-गंदी गालियां दीं और धक्का देकर बाहर निकाल दिया। यह भी आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे मारकर फेंक देने की बात कहते हुये रुपये हड़प जाने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने होमगार्ड रामसहाय रिछारिया, पुत्र दुर्गेश रिछारिया, दामाद विक्कू शुक्ला व पुत्री सपना के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### जीआरपी ने दर्ज की एफआईआर

# वीकली व उत्कल एक्सप्रेस से फोन व ट्रॉली बैग चोरी

**ललितपुर।** महाराष्ट्र राज्य के पटेल कालोनी झोपे हॉस्पिटल के पास रहने वाले समद शेख पुत्र उसउद्दीन शेख ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि पहली नवम्बर को वह अपने भाई वसीम के साथ ट्रेन नं. 14622 अप वीकली एक्सप्रेस के कोच संख्या ए-1 की बर्थ नं. 15 व 16 पर दिल्ली से भुसावल की यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान वह खाना खाकर अपने बर्थ नं.15 पर सो गया। बताया कि उसने अपने दो मोबाइल जिसमें एप्पल 16 प्रो-मैक्स कीमत 1.50 लाख रुपये व दूसरा सेमसंग गैलेक्सी एस-25 एफई कीमत 70 हजार रुपये रखा था। बताया कि ट्रेन झांसी निकलने के बाद सुबह करीब 4 बजे जब उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि उसके दोनों फोन तकिया के नीचे नहीं है, उसने काफी खोजबीन की, लेकिन फोन नहीं मिले। आरोप है कि किसी अज्ञात बदमाश द्वारा सोते समय उसके मोबाइल फोन चोरी कर लिये गये। जीआरपी पुलिस ने समद शेख की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं मध्य प्रदेश के जिला सागर अंतर्गत थाना मोतीनगर के पंतनगर वाक्ड बलराम सेठ, बीडी ब्रांच की कुलिया में रहने वाले संदीप कोरी पुत्र भगवानदास कोरी ने जीआरपी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 18 सितम्बर 2025 को ट्रेन नं. 18478 उत्कल एक्सप्रेस के कोच एस में बर्थ नं. 42 व 43 पर गाजियाबाद से सागर तक अपनी पत्नी के साथ यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान वह खाना खाकर सो गये। बताया कि ललितपुर रेलवे स्टेशन से ट्रेन चलने के 10 मिनिट बाद उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि उसकी सीट नं. 44 के नीचे रखा एक ट्रॉली बैग नहीं था। उसने काफी खोजबीन की लेकिन वह नहीं मिला। बताया कि उसके ट्रॉली बैग में सोने की अंगूठी कीमत 10 हजार रुपये, मनचली कीमत 3 हजार रुपये, चांदी की पायल कीमत 10 हजार रुपये, 3500 रुपये नकदी व इस्तमाली कपडे थे। जीआरपी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### रंगई में आयोजित हुआ मध्यभारत लॉ कॉलेज का विधिक सहायता शिविर

**विदिशा।** मध्यभारत इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, गुलाबगंज द्वारा लीगल एड क्लीनिक के अंतर्गत ग्राम रंगई में विधिक सहायता एवं जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में एलएलबी एवं बीए-एलएलबी के छात्रों ने भागीदारी निभाई। कॉलेज के डायरेक्टर मजहर अली जाफरी ने बताया कि ग्रामीणों से मद-निषेध, दुर्घटना, सार्वजनिक सेवाओं, अतिक्रमण और अन्य अपराधों से जुड़े प्रश्नों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा निशुल्क परामर्श दिया गया। शिविर की समन्वयक सहायक प्राध्यापक सुरभि जैन ने ग्रामीणों को बताया कि एससी, एसटी, ओबीसी, महिलाएं, बच्चे, दिव्यांग और प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को शासन द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती है। सहायक प्राध्यापक प्रतिज्ञा जैन ने कहा कि किसी भी अपराध या अधिकार हनन की स्थिति में नागरिक जिला विधिक प्राधिकरण में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। कार्यक्रम में गौरव जैन, मिलन चौरसिया, मोहम्मद तारिक, मुस्कान शर्मा सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



सांसद खेल महोत्सव 2025 के तहत एसएटीआई कॉलेज के क्रिकेट मैदान पर मंडल स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया।

विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दुर्गा नगर एवं ढोलखेड़ी मंडलों सहित पांच ग्रामीण मंडलों की टीमों ने सहभागिता दर्ज कराते हुए उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक मुकेश टंडन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं बल्लेबाजी कर किया। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को खेलों के माध्यम से अनुशासन, स्वास्थ्य एवं टीम भावना को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। जिला खेल अधिकारी प्रदीप सिंह रावत ने बताया कि प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की कुल 8 टीमों ने भाग लिया। दिनभर चले रोमांचक मुकाबलों में पहला मैच पुलिस लाइन और बंटी नगर के बीच खेला गया, जिसमें पुलिस लाइन ने जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला छीरखेड़ा और गुरारिया के बीच हुआ, जिसमें छीरखेड़ा विजयी रही। तीसरे मैच में जाफरखेड़ी ने इमलिया को हराया। वहीं चौथे मैच में भी जाफरखेड़ी ने छीरखेड़ा को पराजित कर बढ़त बनाई। इस अवसर पर भाजपा नेता श्यामसुंदर शर्मा, छत्रपाल शर्मा, बैस नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाह, वेत्रवती मंडल अध्यक्ष प्रशांत खत्री, दुर्गानगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र चौहान, ढोलखेड़ी मंडल अध्यक्ष अंकित दुबे तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### शौर्य दिवस पर बजरंग दल ने निकाली वाहन रैली



**कुरवाई।** गुरुवार को विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा मुरलीधर मंदिर से वाहन रैली निकाली गई। रैली मेन मार्केट होते हुए ब्राह्मण मोहल्ला बीना तिराहा, मालीपुरा होते हुए वापस मुरलीधर मंदिर पहुंची, जहां रैली का समापन हुआ। इस अवसर पर कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे वाहन रैली में शामिल हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रांत गोरक्षा प्रमुख नीलेश अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में विभाग संयोजक सचेंद्र यादव, जिला सह संयोजक अन्नू यादव, जिला सह संयोजक मंजीत तिवारी समेत प्रखंड खंड, नगर एवं ग्राम के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कलेक्टोरेट में जबरन घुसने का प्रयास कर रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने रोका

# गोवंश को बचाने सड़क पर उतरी कांग्रेस, किया कलेक्ट्रेट का घेराव

### प्रदर्शन के पूर्व आयोजित सभा में भाजपा सरकार पर जमकर बरसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ जिले सहित प्रदेश की सड़कों, राजमार्गों सहित यहां-वहां लावारिस हालत में घूम रहे गोवंश की दुर्दशा पर गुरुवार को युवक कांग्रेस के नेतृत्व में मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन, प्रदर्शन किया गया। इस आंदोलन के दौरान युवक कांग्रेस के कई प्रदेश पदाधिकारी सहित जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी और युवा कांग्रेस के पदाधिकारी सदस्य मौजूद रहे।

स्थानीय खिलचीपुर नाका स्थित पार्क में करीब 3 घंटे तक चली सभा के उपरान्त शाम करीब 4.30 बजे सैकड़ों कांग्रेसजन नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में कलेक्टोरेट पहुंचे। कलेक्टोरेट में पहले से भारी संख्या में मौजूद पुलिस बल ने कलेक्टोरेट परिसर मे जबरन दाखिल होने से रोक लिया। कलेक्टेट के मेन गेट पर काफी समय तक चले प्रदर्शन, नारेबाजी और धक्कामुक्की के बाद अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चैहान को युवा कांग्रेस पदाधिकारियों ने राज्यपाल के नाम का ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में प्रदेश भर में लावारिस हाल में घूम रहे गोवंश को बचाने मप्र शासन से हस्तक्षेप करते हुए चुनाव के समय किए गए वादों को पूरा करने की मांग रखी गई।



#### तीन घंटे तक चली सभा में जमकर बरसे इंकाई

युवक कांग्रेस के नेतृत्व में हुए इस आंदोलन के दौरान युवक कांग्रेस प्रदेश घनघोरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक परमार, पूर्व केबिनेट मंत्री जयवर्धन सिंह, युकां प्रदेश प्रभारी चौहान, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह खिंची, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमन अरोरा, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया सहित पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी, बापूसिंह तंवर सहित कईं इंकाजनों ने सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार को जमकर आड़े हाथों लिया।

सभा को संबोधित करते हुए युकां प्रदेशाध्यक्ष घनघोरिया ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की महज 15 महीने की सरकार में हमने गोवंश के लिए 300 से अधिक गोशालों का निर्माण किया लेकिन उसके बाद आज तक एक भी नई गौशाला नहीं बनी है। युकां प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक परमार ने कहा कि आज तो गोवंश को बचाने में यदि आवश्यकता लगी तो हम प्रदेशव्यापी आंदोलन आगामी दिनों में करेंगे।

#### 20 साल में भाजपा ने नहीं बनवाई एक भी गोशाला

पूर्व ऊर्जामंत्री एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह ने कहा कि प्रदेश की सड़कों पर हजारों गोवंश निराश्रित घूम रहे हैं। पिछले 20 सालों की भाजपा सरकार ने इन गौवंश की सुध नहीं ली और आज तक एक गोशाला नहीं खुलवाई। भाजपा सिर्फ गोमाता के नाम पर राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम करते हैं।

#### भाजपा सरकार में खुल रहे कई बूचड़खाने

अन्य वक्ताओं ने कहा कि भाजपा के लोग गोमाता को आवारा पशु बोलते हैं। एक तरफ वे गोवंश को माता दर्जा देते हैं वहीं दूसरे ओर लाखों गौवंश निराश्रित छोड़ रखे हैं। जिपं अध्यक्ष चंदर सौंधिया ने कहा कि गाय माता और गोवंश के लिए हमारी कांग्रेस सरकार में ही गोसंवर्धन बोर्ड गठित किया गया। गाय का माता कहने वाले भाजपा की सरकार में सबसे ज्यादा बूचड़खाने खोले जा रहे हैं।

## 17 दिसंबर को जयंती है जिसे पेंशनर डे के रूप में मनाया जाएगा

जीरापुर। पेंशनर संघ मध्य प्रदेश द्वारा एक बैठक आयोजित कर आगामी 17 दिसंबर को पेंशनर डे मनाने के लिए चर्चा की जिसमें बताया गया कि पेंशनरों को उनका हक दिलाने वाले डीएम नकारा की 17 दिसंबर को जयंती है जिसे पेंशनर डे के रूप में मनाया जाएगा उक्त कार्यक्रम स्थानीय पेंशनर भवन में दोपहर दो बजे से प्रारंभ किया जावेगा। इस दौरान उक्त कार्यक्रम में पेंशनरों का 32 माह का एरियर केंद्रीय दर पर महंगाई भत्ता अभिलंब स्वीकृत करने , धारा 49 की समाप्ति , चिकित्सा भत्ता 3000 रूपये मासिक स्वीकृत करने सहित विभिन्न मांगों संबंधी ज्ञापन भी दिया जावेगा पेंशनर संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद ने बताया कि सभी पेंशनरों को पेंशनर डे मनाने हेतु सूचित किया जा रहा है जहां पर आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी समय पर उपस्थित रहे।

## जिम्मेदारों की अनदेखी

# हाईवे की बेशकीमती जमीन पर किया जा रहा अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर



नगर की रहवासी विद्याधाम कालोनी में दुकानों का निर्माण कर स्टेट हाईवे के किनारे की बेशकीमती शासकीय रकबा नम्बर 1239 जमीन पर नितेश पिता प्रकाश मालवीय द्वारा तारफेंसिंग कर व्यवसायिक कार्य किया जा रहा है! उक्त बेशकीमती भूमि पर अतिक्रमण कर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। पूछने पर उक्त अतिक्रमणकर्ता ने बताया की मेने रामगोपाल सत्यनारायण मोदी से किराए पर यह जगह ली है! अब विचारणीय बात यह है की उक्त शासकीय जमीन को कोई किस तरह किराए पर दे सकता है! अगर जिम्मेदारों द्वारा समय रहते इस अतिक्रमण को नहीं रोका गया तो यह अस्थाई अतिक्रमण कब्जे का रूप ले लेगा अब देखना है की जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस जमीन के अतिक्रमणकर्ता पर क्या और कब कार्यवाही की जाती है! या फिर एक बार बेशकीमती शासकीय जमीन भू माफिया के कब्जे में चली जाती है।

#### इनका कहना है...

हमने उक्त अतिक्रमणकर्ता पर रामगोपाल, सत्यनारायण मोदी पर अर्थ दंड किया आगे हम बेदखली की कार्रवाई करेंगे।

**रामनिवास धाकड़, नायब तहसीलदार माचलपुर**

## 501 कलश धारण कर मातृ-शक्तियों ने निकाली भव्य यात्रा

### गायत्री परिवार द्वारा 24 कुंडीय महायज्ञ के तहत हुआ आयोजन



राजगढ़। अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में राजगढ़ में 24 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन करवाया जा रहा है। इस आयोजन के प्रथम दिवस नगर में एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया जिसमें 501 कन्याएं, बालिकाएं सहित अन्य मातृ-शक्तियां 501 कलश सिर पर धारण करते हुए साथ चल रही थीं। कलश यात्रा में शामिल सभी महिलाएं पीले वस्त्र धारण किए हुए थीं। स्थानीय गायत्री प्रज्ञा भवन में आरंभ हुई कलश यात्रा नाका नंबर 3, मेन मार्केट से होकर पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंचकर समाप्त हुई। कलश यात्रा का नगर में कईं स्थानों पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों, प्रतिष्ठान संचालकों सहित अन्य द्वारा पुष्पवर्षा करते हुए स्वागत, अभिनंदन किया गया। शोभायात्रा में सबसे आगे अश्व पर सवार एक बालिका सभी के आकर्षण का केंद्र रही।

## सबूतों के आधार पर सत्र न्यायालय ने सुनाया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नवंबर 2023 में एक विवाहिता महिला ने अपने पति द्वारा लगातार दी जा रही प्रताड़ना और दहेज की मांग से आहत होकर जहर खाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली थी। मामले में जीरापुर पुलिस ने उस समय मर्ग कायम कर जांच में लिया था। जांच के उपरान्त चालान कोर्ट में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने इस मामले में मृतका महिला के पति को 5 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

#### सबूतों व गवाहों के आधार पर की सुनवाई

लोक अभियोजक विजय सिंह सिसोदिया ने बताया कि पार्वतीबाई दांगी का विवाह नयागांव (खुमानपुरा) निवासी राजेश पिता राधेश्याम दांगी के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही राजेश द्वारा उसे मायके से दहेज लाने सहित अन्य बातों पर प्रताड़ना दी जा रही थी। बार-बार की प्रताड़ना से तंग आकर पार्वतीबाई ने एक दिन जहर खाकर मौत को गले लगा लिया। घटना के बाद जीरापुर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया। मर्ग की जांच में मायके पक्ष के बयानों सहित अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर सत्र न्यायाधीश राजीव म. आप्टे द्वारा दोषी राजेश दांगी को 5 साल के सश्रम कारावास से दंडित किया है। फैंसल में लेख किया गया कि निश्चित रूप से यह अपराध समाज में घृणित अपराधों में से एक है जिसके परिणामस्वरूप एक जीवन अकाल ही काल-कवलित हो गया।

## छात्रों को मिला आर्थिक सशक्तीकरण का संदेश

# कॉलेज में आयोजित वित्तीय शिक्षा कार्यक्रम



सारंगपुर। स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में पाइनेंशियल एजुकेशन प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यक्तिगत वित्त प्रबंधन, बचत, निवेश और डिजिटल बैंकिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना रहा।

इस अवसर पर इंदौर से आमंत्रित चार्टर्ड अकाउंटेंट आकांक्षा गर्ग एवं सुमित सिंह मोंगिया मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। शुरुआत मुख्य वक्ताओं द्वारा भारत में तेजी से बदलते आर्थिक परिदृश्य और युवाओं के लिए वित्तीय साक्षरता पर प्रकाश डालते हुए की गई। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रत्येक छात्र के लिए बजट बनाना, जिम्मेदारी से खर्च करना, सुरक्षित ऑनलाइन लेनदृदेन करना तथा भविष्य के लिए निवेश की आदत विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। सही समय पर लिए गए वित्तीय निर्णय जीवन को सशक्त और सुरक्षित बनाते हैं। सत्र के दौरान विद्यार्थियों को बजटिंग और मनी मैनेजमेंट, बचत की आदतें और फंड प्लानिंग, म्यूचुअल फंड, एसआईपी (ैप्) एवं शेयर बाजार की मूल बातें, डिजिटल पेमेंट्स की सुरक्षा तथा वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव जैसे विषयों पर सरल और व्यवहारिक जानकारी दी गई। वक्ताओं ने उदाहरणों के माध्यम से बताया कि सीमित आय में भी उचित योजना बनाकर आर्थिक स्थिरता प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक भाग इंटरएक्टिव क्विज और वास्तविक जीवन से जुड़ी फाइनेंशियल प्लानिंग पर आधारित केस-स्टडी रहीं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इससे छात्रों को वित्तीय निर्णय लेने की व्यवहारिक समझ विकसित करने में सहायता मिली। प्रमाणपत्र भी वितरित किए गए। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता खोईया ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों को केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन में सही आर्थिक निर्णय लेने के लिए भी तैयार करते हैं।

# व्यवस्थाएं सुधारने सड़क पर उतरा अमला, एक ही दिन में दिखा सुधार

### नपा ने अतिक्रमण से जब्त की सामग्री

नरसिंहगढ़। शहर की बिगड़ती व्यवस्थाओं को पटरी पर लाने गुरुवार को प्रशासन, नपा और पुलिस का संयुक्त दल सड़कों पर उतरा। एक दिन पहले की गई मुनादी और चेतावनी का असर गुरुवार को साफ नजर आया। बाजार से जहां हाथ ठेले गायब दिखे, वहीं दुकानों के सामने से अतिक्रमण भी हट गया। मुख्य मार्गों पर खड़े वाहनों को भी हटवाया गया। जिन स्थानों पर चेतावनी के बाद भी सामग्री पड़ी मिली, उसे नपा अमले ने जब्त किया। कार्रवाई के दौरान एसडीएम सुशील कुमार, तहसीलदार विराट अवस्थी, सीएमओ अभिषेक जैन, टीआई शिवराज सिंह सहित राजस्व, नपा और पुलिस बल मौजूद रहा।

#### दोबारा अतिक्रमण किया तो होगी सख्त कार्रवाई

प्रशासन ने साफ चेतावनी दी है कि यदि दोबारा सड़कों पर अतिक्रमण किया गया या निर्धारित स्थानों से हटकर दुकान लगाई गई, तो संबंधितों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि शहर की व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित निगरानी जारी रहेगी।

### सीएमओ ने नगर को स्वच्छता अभियान के अंतर्गत मोहल्ले, वार्ड का किया निरीक्षण

जीरापुर। आगामी स्वच्छता अभियान 2026 की तैयारियों को लेकर नगर में साफदृसफाई व्यवस्था का जायजा लेने हेतु सीएमओ हरिओम शर्मा ने अपनी टीम के साथ प्रमुख मार्गों, गलियों,वार्डों और मोहल्लों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए और संबंधित कर्मचारियों को समय पर कार्य करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। अभियान को सफल बनाने हेतु नगर परिषद द्वारा विशेष रणनीति पर कार्य किया जा रहा है। इस मौकेपर सीएमओ हरिओम शर्मा, दरोगा आजाद झावा,रामप्रसाद झावा,राजू झावा,विजय कुशवाह सहित परिषद कर्मचारी भ्रमण मे उपस्थित रहे।

## सुठालिया शासकीय महाविद्यालय की भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई



सुठालिया। नगर पीला खाल स्थित शासकीय महाविद्यालय की भूमि से अतिक्रमण हटाने की एक महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई है। राजस्व, पुलिस प्रशासन और नगर परिषद के अमले ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की है। यह कार्रवाई उस भूमि पर की गई है, जिस पर पिछले कुछ समय से अतिक्रमण के चलते बाउंड्री वॉल का कार्य रुक गया था। गौरतलब है कि इस भूमि पर अतिक्रमण के विरोध में एक महिला ने जहर खा लिया था, जिसके बाद प्रशासन ने यह कार्रवाई करने का निर्णय लिया। शासकीय महाविद्यालय की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करने के लिए यह कार्रवाई की गई है।

## 13 लोगों पर बलवे सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज

### मामूली बात पर हुई थी पत्थरबाजी, तोड़फोड़

राजगढ़-छापीहेड़ा। जिले के छापीहेड़ा कस्बे में कांकरिया जोड़ बस स्टैंड पर बुधवार रात्रि मामूली बात पर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगों पर हमला करते हुए न केवल पत्थरबाजी की बल्कि वाहनों में तोड़फोड़ की घटना को भी अंजाम दिया था। घटना के बाद हालात काफी तनावपूर्ण हो गए और जिले के विभिन्न थानों से बल भिजवाते हुए स्थिति को नियंत्रण में लिया गया था। इस मामले में छापीहेड़ा पुलिस ने एक पक्ष के 14 लोगों पर बलवा समेत अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने फरियादी जीतमल पिता शिवनारायण दांगी निवासी नाटाराम की रिपोर्ट पर वासू पिता रामनिवास झंझावत, गोविंद पिता रमेश झंझावत, दीपक झंझावत, रोहन पिता गुलाब झंझावत, सोहन पिता गुलाब सिंह झंझावत, रोनी झंझावत, दीपू पटेल, मस्तराम कंजर, निर्मल पिता बंकट कंजर, बालकिशन कंजर, चांदू पिता निर्मल कंजर, नैनसिंह कंजर एवं कमल पिता मोहन कंजर सहित अन्य पर बीएनएस की धारा 296(बी), 115(2), 351(3), 190, 191(3), 324(5) के तहत अपराध कायम किया है।

## खाटू धाम पर 13वां वार्षिक महोत्सव का हुआ आयोजन भजनों पर थिरके श्रद्धालु



खुजनेर। कुंज नगर खुजनेर में मालवा के प्रसिद्ध श्री खाटू श्याम मंदिर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मालवा के खाटू धाम के नाम से जाने वाले खाटू धाम पर मंगलवार को 13 वा वार्षिक महोत्सव का आयोजन आयोजित हुआ जिसमें बाबा श्याम को छप्पन भोग व अलौकिक दरबार सजाया गया वहीं कलकत्ता के सुप्रसिद्ध गायक श्वेता कौशिक देवराज सेन ओमप्रकाश शर्मा खुजनेर धाम द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई वहीं दूर दूर से भक्तजनों का जनसैलाब उमड़ा मधुर भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए श्री श्याम मंदिर परिसर को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया था श्याम प्रेमियों ने पावन ज्योत लेकर परिवार में मंगलकामनाएं की पूरा पंडाल इत्र की खुशबू से महक उठा वही रात्रि 12 बजे श्री श्याम की महाआरती एवं प्रसादी का वितरण किया गया।

## दीनदयाल रसोई योजना के क्रियान्वयन को लेकर खंड स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न

सारंगपुर। शासन की दीनदयाल रसोई योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं संचालन को लेकर कलेक्टर राजगढ़ (म.प्र.) द्वारा नियुक्त खण्ड स्तरीय समन्वयध्अनुश्रवण समिति की बैठक बुधवार को एसडीएम कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रोहित बम्होरे ने की। आयोजित बैठक में दीनदयाल रसोई केन्द्रों के संचालन हेतु गैर-शासकीय स्वयंसेवी संस्थाओं, स्व-सहायता समूहों एवं व्यक्तियों से ई-निविदा सूचना के माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर विचार किया गया। ई-निविदा प्रक्रिया के अंतर्गत कुल 05 निविदाकारों के आवेदन प्राप्त हुए, जिनका शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार परीक्षण कर संस्थाध्फर्मध्एजेंसीध्व्यक्ति के चयन की प्रक्रिया पर आवश्यक कार्यवाही की गई। बैठक के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री ज्योति सुनहरे,जनपद पंचायत सीईओ हेमेंद्र गोविल समिति के सदस्य एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में योजना के सुचारू संचालन, गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं हितग्राहियों को समयबद्ध एवं सुलभ लाभ प्रदान करने पर विशेष चर्चा की गई।

## एसआईआर में लापरवाही पर प्राथमिक शाला खाजली में पदस्थ शिक्षक सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में इन दिनों मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य चल रहा है। निवार्चन संबंधी इस कार्य को प्रशासनिक अधिकारी सर्वोच्य प्राथमिकता के साथ अधीनस्थ अमले से सामंजस्य बैठाकर पूर्ण करवा रहे हैं। लेकिन, एसआईआर में ड्यूटीरत कुछ कर्मचारी ऐसे भी हैं जो इस कार्य को अरुचि से करते हुए कईं लापरवाहियां भी कर रहे हैं।

इसी तरह के एक मामले में राजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के तहत गणना पत्रकों के वितरण एवं डिजिटाईजेशन कार्य में लापरवाही बरतने वाले प्राथमिक शाला खाजली में पदस्थ शिक्षक रामकैलाश दांगी को कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी डॉ. गिरीश मिश्रा ने तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है।

#### एक दिवस पूर्व मावि शिक्षक हुए थे सस्पेंड

निलंबन की उक्त कार्रवाई के एक दिवस पूर्व ही एसआईआर कार्य में लापरवाही बरतने पर खुजनेर के प्राथमिक शिक्षक मांगीलाल राठौर को भी सस्पेंड करने की कार्यवाही प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा की जा चुकी है। एसडीएम सह निवार्चक रजिस्टीकरण अधिकारी के प्रतिवेदन पर उक्त कार्रवाई हुई हैं।

## 1 करोड़ 51 लाख से होंगे निर्माण कार्य, 13 को होगा भूमिपूजन

# मंत्री टेटवाल की विधायक निधि से नगर में सड़क नाला, सामुदायिक भवन व अन्य निर्माण कराएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर पालिका में पार्षदों के आपसी विवाद के चलते लंबे समय से नगर के विकास कार्य प्रभावित थे, लेकिन अब क्षेत्रीय विधायक एवं राज्यमंत्री गौतम टेटवाल की पहल से नगर को बड़ी विकास राशि की सौगात मिली है। विधायक निधि से 1 करोड़ 51 लाख की राशि नगरीय निकाय सारंगपुर के लिए स्वीकृत की गई है, वहीं श्री राम मंदिर पंडितवाड़ी के लिए 14 लाख की अतिरिक्त राशि भी स्वीकृत कराई गई है। यह जानकारी देते हुए पूर्व जिला उपाध्यक्ष निर्मल जैन ने बताया कि स्वीकृत राशि से नगर के विभिन्न वार्डों में सड़क, नाला, सामुदायिक भवन एवं अन्य निर्माण कार्य कराए जाएंगे। सभी कार्यों के टेंडर पूर्ण हो चुके हैं तथा एजेंसी तय कर ली गई है। राज्यमंत्री गौतम टेटवाल 13 दिसंबर को विधिवत भूमिपूजन कर कार्यों का शुभारंभ करेंगे।

#### स्वीकृत विकास कार्य इस प्रकार हैं

वार्ड 1 में सीमेंट सड़क निर्माण 11 लाख,वार्ड 2 में हनुमान मंदिर के पास सामुदायिक भवन 10 लाख, वार्ड 5 में व्यायामशाला मंदिर के पास सामुदायिक भवन 10 लाख, वार्ड 7 में सीसी रोड निर्माण 18 लाख,वार्ड 8 बजरंग कॉलोनी में सीसी रोड 20 लाख वार्ड 9 में सामुदायिक भवन 18 लाख,वार्ड 10 भूरी का मैदान, मंदिर के पास सामुदायिक भवन 10 लाख,वार्ड 15 में फूलमाली समाज धर्मशाला की बाउंड्रीवाल 12 लाख,वार्ड 16 में सीसी रोड निर्माण 12 लाख,वार्ड 17 तारागंज में सीसी रोड निर्माण 12 लाख,वार्ड 18 राधानगर में नाला निर्माण 18 लाख] वही जैन ने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की राजनीति आड़े नहीं आने दी जाएगी और सभी को पूर्वाग्रह त्यागकर नगर विकास में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 13 दिसंबर को जनपद पंचायत कार्यालय के लिए 5 करोड़ तथा विश्राम गृह के लिए 4.90 करोड़ के कार्यों का भी भूमिपूजन किया जाएगा।

